प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
01.03.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय संसदीय व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि चंबा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र पांगी को मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास जारी है। चंबा ज़िले के भंजराडू में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दुर्गम इलाकों को जोड़ा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों के विकास पर भी कार्य कर रही है। उन्होंने भंजराडू में 7 करोड़ रुपये की लागत से इंडोर स्टेडियम और 9 करोड़ रुपये की लागत वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का शिलान्यास किया। किरेन रिजिजू ने कहा कि इंडोर स्टेडियम और आई.टी.आई. बनने से युवाओं के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी।

होली उत्सव

हमीरपुर जिले के सुजानपुर में राष्ट्रस्तरीय होली उत्सव आज से शुरू हो रहा है जो 4 मार्च तक चलेगा। इस उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए आयोजन समिति ने जहां नई गतिविधियां शाामिल की हैं वहीं उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में पंजाबी और हिमाचली कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बताया कि पहली सांस्कृतिक संध्या में आज बब्बू मान और हिमाचल पुलिस के मशहूर आर्केस्ट्रा हारमनी ऑफ पाइन्स के अलावा कई कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं कल दूसरी संध्या में पंजाबी गायक मनकीरत औलख दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी मेले के आकर्षण का केन्द्र होंगी।

हथकरघा

भारत सरकार की राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम योजना जनजातीय जिला किन्नौर के बुनकरों के लिए मील का पत्थर हो रही है। उद्योग केन्द्र किन्नौर के महाप्रबंधक गुरु लाल नेगी ने बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को हथकरघा स्थापना पर 90 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान दिया जाता है, जबकि लाभार्थी को केवल 10 प्रतिशत राशि स्वयं वहन करनी होती है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर संवाददता .

किन्नौर अपनी विशिष्ट पारंपरिक वेशभूषा के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां के अधिकांश लोग ऊनी वस्त्रों की बुनाई, खासकर दोहड़ू, शॉल और पट्टी बनाने का कार्य करते हैं। जिला उद्योग केन्द्र किन्नौर के महाप्रबंधक गुरु लाल नेगी ने बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को हथकरघा स्थापना पर 90 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान दिया जाता है, जबकि लाभार्थी को केवल 10 प्रतिशत राशि स्वयं वहन करनी होती है। अब तक 22 बुनकर इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से सुमेश नेगी....

अध्यापक

राजकीय प्राथमिक अध्यापक फैडरेशन ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गई क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस मुद्दे को लेकर प्राथमिक शिक्षकों ने आज शिमला सहित राज्य के विभिन्न

ज़िलों में रोष प्रदर्शन किया। शिक्षकों का मुख्य विरोध इस प्रणाली से उनकी पदोन्नति के अवसर खत्म होने और प्राथमिक शिक्षा ढांचे के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर है। शिमला में प्रदर्शन के दौरान अध्यापक फैडरेशन के ज़िला अध्यक्ष मनोज नेगी ने कहा कि इस प्रणाली को लेकर शिक्षकों ने कई बार मुख्यमंत्री से बातचीत की है लेकिन उनकी मांगों को हमेशा अनसुना ही किया गया है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें जल्द वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया तो आने वाले समय में सरकार के खिलाफ बड़ी आक्रोश रैली की जाएगी।

विधायक

लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने त्रिलोकनाथ में प्रसिद्ध त्रिलोकनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक की। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर विचार–विमर्श भी किया। उन्होंने कहा कि त्रिलोक नाथ विकास प्लान के तहत मंदिर के सौंदर्यीकरण को नई गति मिलेगी। इससे आस्था के साथ–साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

क्रिकेट

आई.सी.सी. टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज वेस्टइंडीज से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। इस मैच का नतीजा टूर्नामेंट में भारत का भविष्य तय करेगा।